संक्षिप्त

उपमुख्यमंत्री बैरवा आज उदयपुर में

उदयपुर, । प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद्र बैरवा शनिवार जुलाई को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि बैरवा शनिवार सुबह 6.55 बजे जयपुर से विमान द्वारा प्रस्थान कर 7.55 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा राजसमंद के लिए प्रस्थान करेंगे। उपमुख्यमंत्री राजसमंद में विविध आयोजनों में भाग लेकर दोपहर 2.30 बजे बलिचा उदयपुर स्थित होटल रॉमी रॉयल रिसार्ट पहुंच कर वहां आयोजित आईसीएसआई नेशनल सबस्टेनब्लिटी कांफ्रेन्स में भाग लेंगे।

प्रभारी मंत्री मीणा आज आएंगे

उदयपुर, । राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री हेमन्त मीणा शनिवार 26 जुलाई को उदयपुर आएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार 26 जुलाई को सुबह 11 बजे सड़क मार्ग द्वारा जयपुर से उदयपुर आएंगे। उदयपुर में मिशन हरियालो राजस्थान के रूप में वन महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 4 बजे सड़क मार्ग द्वारा उदयपुर से प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। 27 जुलाई को 11 बजे सलूम्बर में मिशन हरियालो राजस्थान के रूप में वन महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे।

तुलसी पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण

उदयपुर, । पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देने के लिए श्री झूलेलाल सेवा समिति एवं सिंधी सेन्ट्रल युवा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुलाबबाग, उदयपुर में एक विशेष तुलसी पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।
विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास जैसे तुलसी पौधा लगाना आदि दीर्घकालिक पर्यावरणीय सुधार में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने प्रदेश में चल रहे हरियालो राजस्थान अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण में योगदान का आह्वान किया। महाअधिवक्ता प्रवीण खंडेलवाल, समाजसेवी प्रमोद सामर, गजपाल सिंह राठौड़, रवींद्र श्रीमाली, पारस सिघंवी भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। सिंधी केंद्रीय युवा सेवा समिति के अध्यक्ष विजय आहुजा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत समोरबाग गेट के समीप बच्चों वाली ट्रेन के स्टेशन के सामने स्थित गार्डन में हुई। श्री झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष प्रताप राय चुग ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य तुलसी पौधे के धार्मिक, औषधीय और पारिस्थितिक महत्व को जनता तक पहुँचाना है।

हमले में किशोर घायल

उदयपुर, । शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र में अज्ञात बदमाश ने हमला कर किशोर को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार धोली मगरी बेडवास प्रतापनगर निवासी इंदरलाल पुत्र टेकर जी गमेती का पुत्र रोहित (17) 24 जुलाई शाम हरियाली अमावस्या का मेला देख कर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान रानी रोड़ जैन फार्म हाउस के सामने अज्ञात व्यक्ति ने बाइक रोक रोहित पर धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया। एएसआई किशनसिंह ने मौके पर पहुंच कर उसे घायल अवस्था में चिकित्सालय पहुंचाया।

किशोरी की अकाल मौत

उदयपुर, । शहर के बडगांव थाना क्षैत्र निवासी किशोरी की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बडगांव थाना क्षैत्र ब्राम्हणों की हुन्दर गांव निवासी दिव्या चौबीसा(17) पुत्री परसराम चौबीसा की 23 जुलाई को तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया।जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई रणजीतसिंह चुण्डावत ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

आपसी मारपीट में किशोर घायल

उदयपुर, । अम्बामाता थाना क्षैत्र में आपसी विवाद में आरोपी व साथी तलवार से हमला कर किशोर व साथियों को घायल कर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित मोहसिन खां पुत्र अयुब खां निवासी फारूख आजम कॉलोनी मल्लातलाई ने आरोपी अयान व साथी के खिलाफ तलवार से हमला कर अपने पुत्र मो. शाद व उसके साथी आफताब, हसनेन, जुआन को घायल करने का प्रकरण दर्ज करवाया।

दिग्गज कलाकार देंगे शास्त्रीय प्रस्तुतियां

■ मल्हार आज से,मुजफ्फर रहमान के ताल कचहरी और माया कुलश्रेष्ठ के कथक से महकेगा शिल्पग्राम का आंगन

उदयपुर, । सावन में पश्चिम क्षेत्र से दो दिवसीय 'मल्हार' कार्यक्रम में मशहूर क्लासिकल आर्टिस्ट अपनी पेशकश से क्लासिकल के रसिकों को रिझाएंगे। निदेशक फुरकान खान ने बताया कि शनिवार शाम सात बजे मुजफ्फर रहमान अपनी खास पेशकश 'ताल वाद्य कचहरी' की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का आगाज करेंगे। इसके साथ ही प्रसिद्ध कथक नर्तकी माया कुलश्रेष्ठ श्रीकृष्ण और उन पर अटूट विश्वास करने वाली स्त्रियों से जुडे प्रसंगों को नृत्य के माध्यम से मंच पर जीवंत करेंगी। वहीं, रविवार को पं. सुभाष घोष विशेष स्वर रागिनी (वाद्य यंत्र) पर शास्त्रीय संगीत की अनूठी प्रस्तुति देंगे। इसके बाद वाणी माधव ओडिसी नृत्य पेश करेंगी। पिछले दो दशक से चंडीगढ में अपनी एकेडमी ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड फाइन आर्ट्स में शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दे रहे सुभाष घोष रविवार शाम साल 2011 में अपने ईजाद किए विशेष वाद्य यंत्र नव स्वर रागिनी पर विभिन्न रागों पर शास्त्रीय संगीत की अनूठी कर्णप्रिय प्रस्तुति देंगे।

महान सरोद वादक पद्म विभूषण अमजद अली खान के शिष्य व सामान्य संगीतकार से महान कलाकारों की श्रेणी तक पहुंचे सुभाष ने नव स्वर रागिनी से पहले 2003 में सरसवाणी वाद्य यंत्र को लॉन्च किया था। घोष जब वाद्यों के तार छेडते हैं, तो उनसे निकली धुन संगीत प्रेमियों के दिलों को झंकृत कर देती है। उनके संगीत का तिलिस्म शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में रविवार को संगीत प्रेमियों को सम्मोहित करेगा। प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना और गुरु देबप्रसाद दास परंपरा की प्रमुख प्रतिनिधि वाणी माधव रविवार को अपने दल के साथ दर्पण सभागार के मंच पर ओडिसी डांस के विभिन्न रूपों को पेश करेंगी। एक सधी हुई नृत्यांगना और कोरियोग्राफर वाणी ने नृत्य की शिक्षा गुरु गजेन्द्र पांडा से प्राप्त की, और फिर उच्च शिक्षा गुरु सुधाकर साहू से ली। दूरदर्शन केंद्र के पैनलिस्ट कलाकार भी हैं। वे संस्कार भारती के साथ ही सेंसर बोर्ड की सलाहकार समिति की भी सदस्य भी हैं। उनके नृत्य में शास्त्रीय और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देश-विदेश के हर कार्यक्रम में सराहा है। कार्यक्रम 26 व 27 जुलाई की शाम 7 बजे दर्पण सभागार में आयोजित होगा।

वर्कशॉप से चोरी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

उदयपुर, ।शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने वर्कशॉप से सामान चोरी करने के मामले में शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार11 सितंबर 24 को मोहनलाल लौहार पुत्र परसराम निवासी लवकुश मोटर गैराज गमेरबाग के सामने देवाली ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 11 सितंबर को सवेरे गैराल खोला ता सामान बिखरा पड़ा था। 12 बेट्रियां, 15 गाडियों के एलोव्हिल, डेटिंग के टुल्स और पुराने पार्टस कमरे का ताला तोड़ कर डीवीआर राउटर तथाअ लमारी में से म्युजिक सिस्टम सहित अन्य सामान चुरा ले गए। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में जिला पुलिस अधीक्षक योगेशग गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलिप के नेतृत्व में गठित दल ने पूर्व में भंवर उर्फ भोमिया, अंकित उर्फ कालु व रोशन कालबेलिया को गिरफ्तार किया।

विकसित भारत रोजगार योजना पर सेमिनार

उदयपुर, । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षत्रिय कार्यालय, उदयपुर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की विस्तृत जानकारी देने के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें उदयपुर संभाग के प्रमुख नियोक्ता प्रतिनिधि शामिल हुए। सेमीनार को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रशान्त कुमार सिन्हा ने बताया कि 1 अगस्त से प्रभावी होने जा रही भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी रोजगार सृजन योजना के तहत 3.5 करोड़ नये रोजगार देने की तेयारी है। उन्होंने बताया कि नवरोजगार प्रदान करने वाली संस्थाओं को वित्तीय प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी तथा वहीं पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले कार्मिकों को एक वर्ष के भीतर 15 हजार रूपए तक प्रोत्साहन राशि प्राप्त होगी। योजना के संदर्भ में बताया गया कि 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 की अवधि के दौरान जिन संस्थानों में 50 से कम कर्मचारी हैं उन्हें कम से कम दो नए कर्मचारी को रोजगार देना होगा और 50 से अधिक कर्मचारी वाले संस्थानों को पांच नए लोगों को रोज़गार में शामिल करना पड़ेगा।

इसके माध्यम से प्रत्येक कर्मचारी के लिए नियोजनकर्ता संस्थान को 1000 से लेकर 3000 रूपए तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। सेमीनार में मुख्य रूप से मिराज समूह, जे.के. टायर इनडस्त्रीज, पायरोटेक समूह, वेदांता हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, राजस्थान माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड, जीआर इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स, आर्गेट सहित कई संस्थान के पदाधिकारी सहित विभाग के क्षेत्रीय आयुक्त द्वितीय अजय कुमार यादव ने नियोक्तओं के प्रश्नों का जवाब दिया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024-25/1157 **आम सूचना** दिनांक : 26/7/2025

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री भुनेश रसिकलाल शाह पिता श्री रसिकलाल मोहनलाल शाह एवं श्रीमती स्मिता भुनेश शाह पत्नी श्री भुनेश रसिकलाल शाह	भुवाणा	3424, 3431 से 3433, 3436 से 3441, 3505, 3506, 3508 से 3520, 3522 से 3529, 3533 से 3535, 3563 से 3567, 3571, 3572, 4417/3563	09	4050.00 वर्गफीट	शोभागपुरा चौराहे से भुवाणा-प्रतापनगर बाईपास को जाने वाली 100 फीट सड़क पर आराध्य इन होटन के सामने स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

आर्थिक तंगी के चलते दो बच्चों व पत्नी की हत्या कर युवक ने किया सुसाइड

■ उदयपुर शहर के हिरणमगरी थाने के प्रभात नगर का मामला

उदयपुर, । आर्थिक तंगी के चलते शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र के प्रभातनगर निवासी एक युवक ने पहले अपनी पत्नी व दो बच्चों की हत्या की और उसके बाद खुद ने सुसाइड कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर में आम्बाफला सवीना हाल प्रभातनगर हिरणमगरी सेक्टर 5 निवासी दिलीप चिकारा (40) पुत्र टीकमचंद ने अपने बच्चे खुश (6) व मनवीर (4) की विषाक्त खिला व अपनी पत्नी अलका की गला घोंट कर हत्या करने के बाद स्वयं ने फांसी पर लटक कर आत्महत्या कर ली। दिलीप किराए की दुकान लेकर आचार व जनरल स्टोर चलाता था। कोरोनाकाल के बाद से आर्थिक तंगी से परेशान था। इसी के चलते उसने परिवार को खत्म कर आत्महत्या करने की ठान कर बच्चों को विषाक्त देकर पत्नी की गला घोट कर हत्या करने के बाद स्वयं फांसी पर लटक गया। शुक्रवार दोपहर तक दिलिप व उसके परिवार का कोई व्यक्ति नजर नहीं ओने पर मकान मालिक ने निचे आकर किवाड़ खट खटाया। जिसका किसी प्रकार से जवाब नहीं मिलने पर अनहोनी की आशंका के चलते पुलिस को सूचना दी। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेशा ओझा व पुलिस उपअधीक्षक छगन पुरोहित, हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। और कितवाड़ तोड़ बच्चे व पत्नी जो मृत हालत में पड़े थे एवं दिलीप फंदे पर लटका था। तीनों ही शवों को एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। मौके पर मिले सुसाईड नोट में मृत्यु के लिए आर्थिक तंगी को एवं स्वयं को जिम्मदार बताया।

निजी डेंटल कॉलेज की छात्रा ने सुसाइड किया

■ आरोप लगाया जो स्टूडेंट पैसे नहीं देता, उसको टॉर्चर करता है स्टाफ, दो निलम्बित

उदयपुर, । उदयपुर में प्राइवेट डेंटल कॉलेज की बीडीएस फाइनल ईयर की स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया। गुरुवार रात 11 बजे हॉस्टल में उसकी रूममेट पहुंची तो छात्रा कमरे में फंदे पर लटकी हुई मिली। उसे तुरंत हॉस्पिटल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका के कमरे में सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने कॉलेज स्टाफ पर टॉर्चर करने के आरोप लगाए हैं। उसने आरोप लगाए कि समय पर एग्जाम नहीं करवाते। अपनी मर्जी से फेल कर देते हैं। जो पैसा नहीं देता उसका खून पीते रहते हैं।दो साल से डेंटल स्टाफ नैनी मैम और भगवत सर टॉर्चर कर रहे हैं। हमारा बॅचमेट इंटर्न बन चुका है। उनको भी 2-3 माह हो गए। हमारा अभी फाइनल ईयर का फर्स्ट इंटरनल हो रहा है। वो भी फोर्सफुली जूनियर के साथ। झूठ बोला कि 2 माह के अंदर एग्जाम ले लेंगे, लेकिन 2 साल से ज्यादा हो गए हैं। भगवान जाने डिग्री कब मिलेगी। फाइनल ईयर खत्म कब होगा।बहुत टॉर्चर किया इन्होंने। शायद मैं अब एक्सप्लेन करने की हिम्मत में नहीं हूं।

जानकारी के अनुसार मृतक छात्रा श्वेता सिंह (25) जम्मू कश्मीर की रहने वाली थी। उसके पिता पुलिस में कॉन्स्टेबल हैं। श्वेता उनकी इकलौती बेटी थी। मामला भीलों का बेदला स्थित पैसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिसर में संचालित डेंटल कॉलेज का है। घटना को ले कर शुक्रवार सुबह कॉलेज के स्टूडेंट्स धरने पर बैठ गए। स्टूडेंट्स ने कॉलेज का मेन गेट बंद कर दिया था। कॉलेज प्रशासन ने आरोपी स्टाफ मेंबर को हटा दिया है। पैसिफिक ग्रुप के मालिक राहुल अग्रवाल ने सबके सामने कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर रवि कुमार को फटकार लगाई। उनको कहा कि इतनी शिकायत आई,आपने सुनवाई क्यों नहीं की,अगर कुछ होता है आप उसके जिम्मेदार होंगे। अग्रवाल ने बताय स्टूडेंट्स की समस्याओं को सुना गया है। 2 से 3 महीने में समाधान का आश्वासन दिया है। नैनी मैम और भगवत सर को हटा दिया है। इसके बाद स्टूडेंट्स ने प्रदर्शन खत्म किया।

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 329-37 **लोक-सूचना** दिनांक: 24/07/2025

श्री मुनेश कुमार मीना पिता श्री मदन लाल मीना निवासी रेजीडेन्सियल कॉलोनी आर.के.हॉस्पीटल राजसमन्द तहसील व जिला राजसमन्द इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	धोईन्दा	4254/2173 4256/2390	रकबा 0.2639 हैक्टेयर रकबा 0.1447 हैक्टेयर कुल रकबा 0.4086 हैक्टेयर में से रकबा 0.3124 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसा भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 24/07/25 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**

नेशन फर्स्ट के ध्येय के साथ आगे बढ़े युवा : विधानसभाध्यक्ष देवनानी

उदयपुर, । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में होना चाहिए। नेशन फर्स्ट का ध्येय लेकर संवेदनशीलता के साथ देश की प्रगति में सहभागी बनकर युवा अपनी ऊर्जा का सदुपयोग सही दिशा में कर सकते हैं।

देवनानी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से शुक्रवार को रविन्द्रनाथ टैगौर महाविद्यालय सभागार में आयोजित वीर बाला कालीबाई प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। देवनानी ने कहा कि आज का समय नवाचारों का समय है जिसके बल पर युवा आधुनिक दौर में तकनीक का समुचित उपयोग करते हुए राष्ट्र के पुनर्निर्माण में सहभागी बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलम्बी बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास करते हुए विभिन्न योजनाएं प्रारम्भ की हैं। युवाओं इन योजनाओं का लाभ लेते हुए स्वावलम्बी बनें और दूसरों को रोजगार प्रदान करने में सक्षम बनें। चर्चित खिलाड़ियों का उल्लेख करते हुए देवनानी ने कहा कि युवा अधिक से अधिक संख्या में खेल से जुड़ें और अपनी ऊर्जा का उपयोग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करें। शिक्षा और शिक्षक को बचाने के लिए अंग्रेजों से भिड़ जाने और अपनी जान देने वाली वीर बाला काली बाई के बलिदान का स्मरण करते हुए जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा को लेकर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाली काली बाई विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी।

सांवरिया सेठ के नाम विशाल भजन 1 को

उदयपुर, । 1 अगस्त को रेलवे ग्राउंड ठोकर चैराहा पर एक शाम श्री श्री 1008 कल्लाजी राठौड एवं साँवरिया सेठ के नाम विशाल भजन संध्या एवं चतुर्वेणी संगम के अन्तर्गत मोती चैहट्टा स्थित छबीला भेरुनाथ मंदिर एवं घण्टाघर थाना परिसर स्थित श्री अन्नपूर्णा माताजी मंदिर में पीले चावल रखकर निमंत्रण दिया। तत्पश्चात शहरवासियों को पेम्पलेट, पोस्टर देकर कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया । समिति के कुन्दन चैहान ने बताया कि 1 अगस्त को उदयपुर मे प्रथम बार होने जा रहे चतुर्वेणी संगम अर्थात बोहरा गणेश जी, सांवलिया सेठ, श्री स्वामी चतुर्भुज हनुमान जी, श्री कल्ला जी राठौड नगर भ्रमण करते हुए शाम 5 बजे बोहरा गणेश जी चैराहा पर चारों देवो एवं भक्तों का अद्भुत महामिलन के साथ महाआरती भजन संध्या को लेकर विभिन्न धार्मिक संघटनों के कार्यकर्ताओ की टीम द्वारा कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है ।

कार्यालय भाणा ग्राम सेवा सहकारी समिति लि.भाणा

क्रमांक:- दिनांक-24/07/2025

सीमित कोटेशन/निविदा सूचना

एन.सी.डी.सी.द्वारा भाणा ग्राम सेवा सहकारी समिति लि.भाणा में नक्शा अनुसार गोदाम व दुकाने का निर्माण किया जाना है। जिसकी अनुमानित कीमत 24.50 लाख है। इच्छुक ठेकेदार समिति में निविदा दिनांक 24.07.2025 से दिनांक 31.07.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। दिनांक 31.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे समिति कार्यालय में निविदा खोली जावेगी। निविदा की विस्तृत शर्ते समिति कार्यालय में देखी जा सकती है। इच्छुक ठेकेदार से स्थानीय संवेदको से सीमित कोटेशन/निविदा प्रक्रिया निर्माण कमेटी द्वारा निर्धारित शर्तो की पालना करते हुये आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत का अधिकार निर्माण कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा ।

(पन्नादास वैष्णव)
व्यवस्थापक
ग्राम सेवा सहकारी समिति लि.भाणा

उर्स की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक

कपासन । प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन दिवसीय उर्स के सुचारू आयोजन एवं समस्त व्यवस्थाओ के सम्बन्ध मे उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन हुआ। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी के अनुसार 01 से 03 अगस्त (6 सफर से 8 सफर तक) तीन दिवसीय उर्स की व्यवस्थाओ के सम्बन्ध मे उपखण्ड अधिकारी राजेश सुवालका की अध्यक्षता मे उपखण्ड कार्यालय मे शुक्रवार सांयकाल 4:00 बजे सभी विभाग के अधिकारीगण एवं वक्फ कमेटी सदस्यो की संयुक्त बैठक मे निम्नलिखित निर्णय लिये गए। उर्स अवधि नगरपालिका द्वारा दरगाह के आगे-पीछे व गांव मे जगह-जगह सी.सी. टीवी केमरे लगवाए एवं प्रतिदिन दरगाह के बाहर जायरीन के पीने हेतु टेंकर व्यवस्था, हाईवे चौराहा से स्टेशन तक आवारा पशु विचरण ना करे, ए.सी.जे.एम. के निवास स्थान से हाईवे चौराहा तक दोनो ओर के ठेलो को हटाना एवं फायर बिग्रेड 24 घण्टे उपलब्ध कराना।

हरियालो राजस्थान: जिले भर में युद्ध स्तर पर चल रहा वृक्षारोपण

उदयपुर, । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रारंभ किए गए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान - हरियालो राजस्थान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण जारी है। उदयपुर की धरा को शस्य श्यामला बनाने के लिए हजारों हाथ जुटे हुए हैं। अभियान के तहत जिले में गांव-गांव में आमजन की सहभागिता के साथ वृक्षारोपण कर उसकी जियोटेगिंग भी की जा रही है। शुक्रवार शाम तक उदयपुर जिला वृक्षारोपण एवं जियो टेगिंग के मामले में प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। बड़गांव ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धार में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम उपखंड अधिकारी लतिका पालीवाल, प्रधान प्रतिभा नागदा और उपप्रधान प्रताप सिंह राठौड़ के आतिथ्य में हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रधानाचार्य डॉ सत्यनारायण सुथार, वृक्षारोपण प्रभारी नीरज बत्रा सहित शिक्षकों के सान्निध्य में करीब ढाई हजार पौधे लगाकर मिसाल पेश की। यही नहीं सुदूर पहाड़ियों पर भी सीडबॉल तकनीक से बच्चों द्वारा पौधों का रोपण किया गया। अतिथियों ने भी स्कूल के बच्चों, गांव की महिलाओं के साथ पौधारोपण कर इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में एसडीएम सहित अतिथियों ने बोर्ड परीक्षा में बड़गांव ब्लॉक के अव्वल विद्यार्थियों का सम्मान किया। सीबीईओ बड़गाँव दीपक गौड़ ने विद्यालय की नवाचारों से युक्त गतिविधियों की सराहना करने के साथ ही विभाग को दिए गए वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूर्ण करने और विद्यार्थियों के परिवार को भी वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बनने और पौधों की सुरक्षा हेतु आह्वान किया।

कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द, जिला राजसमन्द

क्रमांक: न.प.रा./भू.रूपा./2025-26/326-28 दिनांक: 21.07.25

आपत्ति सूचना पत्र

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि जेनबअ पिता श्री अब्बास अली बोहरा पत्नी श्री कैजार सनवाडवाला निवासी 32 नजम मार्ग बोहरवाड़ी, उदयपुर तहसील गिर्वा जिला उदयपुर बस्तीराम जी की बारी बोहरवारी गिर्वा उदयपुर शास्त्री सिर्कले हाल निवासी कुंवारिया तहसील कुंवारिया जिला राजसमन्द द्वारा राजस्व ग्राम धोईन्दा पटवार हल्का धोईन्दा तहसील व जिला राजसमन्द में स्थित आराजी नम्बर 3210 रकबा 0.0486 हैक्टेयर, आराजी संख्या 3225 रकबा 0.1295 हैक्टेयर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ की जो कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (आयुक्त नगर परिषद) राजसमन्द से 90ए की क्रमांक: प्राधि. आ./न.प.रा./भूमि रूपा. प्रकरण संख्या/2025/9613 दिनांक 18.03.2025 द्वारा 90-क के तहत बिलानाम न.प.रा. दर्ज की स्वीकृति हो चुकी है, जिसमें निम्न आवेदकों द्वारा आवासीय प्रयोजनार्थ नियमन/आवंटन कराने हेतु आवंटन शपत्र पत्र के आधार पर आवेदन किया है।

क्र. सं.	नाम अवंटन प्राप्तकर्ता	भू. सं.	वर्गफिट यानि वर्गमीटर
01	श्रीमती सुशीला शर्मा पत्नी श्री अशोक कुमार पुरोहित निवासी 202 ब्रह्मपुरी मोहल्ला मोटराम जिला भीलवाड़ा।	01	1105 वर्गफिट यानि 102.69 वर्गमीटर
02	श्रीमती सुशीला शर्मा पत्नी श्री अशोक कुमार पुरोहित निवासी 202 ब्रह्मपुरी मोहल्ला मोटराम जिला भीलवाड़ा।	02	1500 वर्गफिट यानि 139.45 वर्गमीटर
03	श्रीमती सुशीला शर्मा पत्नी श्री अशोक कुमार पुरोहित निवासी 202 ब्रह्मपुरी मोहल्ला मोटराम जिला भीलवाड़ा।	03	1378 वर्गफिट यानि 128.06 वर्गमीटर
04	श्रीमती सुशीला शर्मा पत्नी श्री अशोक कुमार पुरोहित निवासी 202 ब्रह्मपुरी मोहल्ला मोटराम जिला भीलवाड़ा।	04	1265 वर्गफिट यानि 117.56 वर्गमीटर
05	श्री मुकेश कुमार अग्रवाल पिता श्री बाबूराम अग्रवाल निवासी पंचरतन कॉप्लेक्स, सनसिटी कांकरोली भीलवाड़ा मार्ग तहसील राजसमन्द जिला राजसमन्द।	05	1019.87 वर्गफिट यानि 94.78 वर्गमीटर
06	श्री संदीप गर्ग पिता श्री दिनेश कुमार गर्ग निवासी एफ 103 गैलेक्सी एमरल्ड, शोभागपुरा 100 फीट रोड़, अय्यप्पा मन्दिर के पास तहसील गिर्वा जिला उदयपुर।	06	1025 वर्गफिट यानि 95.26 वर्गमीटर
07	श्री सेवा राम सैनी पिता श्री रामलाल सैनी निवासी सदर सोरती बाजार, सवाई मधोपुर सिटी जिला सवाई मधोपुर	07	1003 वर्गफिट यानि 93.21 वर्गमीटर
08	श्री मुकेश कुमार अग्रवाल पिता श्री बाबूराम अग्रवाल निवासी पंचरत्न कॉप्लेक्स, सनसिटी कांकरोली भीलवाड़ा मार्ग तहसील राजसमन्द जिला राजसमन्द।	08	1003 वर्गफिट यानि 93.21 वर्गमीटर
09	श्री रमेश कुमार जोशी पिता श्री धुलचंद ब्राह्मण निवासी ब्राह्मणों का गुड़ा सापेटिया तहसील गिर्वा जिला उदयपुर।	09	1025 वर्गफिट यानि 95.26 वर्गमीटर

अत: इस संबंध में किसी हितकारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना जारी तिथि के 7 दिवस में लिखित में मय सबूत दस्तावेज के परिषद में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मयाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। **आयुक्त, नगरपरिषद राजसमन्द**

तीन दिवसीय उर्स की व्यवस्थाओ के सम्बन्ध मे बैठक

■ प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन दिवसीय उर्स के सुचारू आयोजन एवं समस्त व्यवस्थाओ के सम्बन्ध मे उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन हुआ

कपासन, । प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन दिवसीय उर्स के सुचारू आयोजन एवं समस्त व्यवस्थाओ के सम्बन्ध मे उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन हुआ

दरगा